>

Title: Need to ensure proper procurement of food grains from farmers in Kota Parliamentary Constituency in Rajasthan.

**श्री इज्यराज सिंह (कोटा):** महोदय, मेरे संसदीय कोटा में और पूरे राजस्थान में खाद्यान्न की अपार पैदावार हुई है, जिससे किसान काफी उत्साहित हैं, परन्तु सदन को बताते हुए मुझे खेद है कि जब किसान अपनी पैदावार मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा लाता है, तो वहां उसे कई दिन इंतजार करना पड़ता है। वहां पर्याप्त बारदाने नहीं मिलते हैं, टोकन से जब उसका नम्बर आता है, तब भी सही तरीके से व्यवस्था लागू नहीं होती है। उसको कई दिनों तक अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। जो व्यवस्था सरकार ने बनाई है, वह ठीक से काम नहीं कर रही है। सरकार ने कई एजेंसीज द्वारा किसानों का खाद्यान्न खरीदने की व्यवस्था की हुई है, लेकिन वे भी अपना काम सही तरीके से नहीं कर पा रही हैं और एफसीआई उन पर निगरानी नहीं रख पा रही है। अगर किसानों को खाद्यान्न बेचने में कोई सहायता नहीं मिली तो मजबूर होकर उन्हें दलालों को बेचना पड़ेगा, जो जनहित में नहीं होगा। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान के किसानों को अपना खाद्यान्न बेचने में शीघ्र सहायता की जाए।

MR. CHAIRMAN : Dr. Jyoti Mirdha is allowed to associate with the matter raised by Shri Ijyaraj Singh.